बाघों का आशियाना और कुनबा बढ़ाने के लिए शिफ्ट हो रहे गांव

■ कुमार गौरव

रांची। झारखंड में बाघों की संख्या बढ़ाने और पलामू टाइगर रिजर्व (पीटीआर) को फिर से बाघों के लिए सुरक्षित आवास के रूप में विकसित करने की दिशा में वन विभाग ने बड़ी तैयारी शुरू कर दी है। इसके तहत मध्यप्रदेश और छत्तीसगढ़ से दो-दो बाघ और बाघिन झारखंड लाए जाएंगे। इनका उद्देश्य राज्य में प्राकृतिक प्रजनन को बढ़ावा देना और बाघों की स्थायी आबादी विकसित करना है। मुख्य वन संरक्षक वन्यजीव एवं सीसीएफ एसआर नटेश ने बताया कि बाघों को झारखंड लाने के लिए भारत सरकार से नेशनल टाइगर कंजर्वेशन अथॉरिटी (एनटीसीए) के माध्यम से अनुमति मिल चुकी है। अब कुछ औपचारिक कागजी प्रक्रियाएं पूरी की जा रही हैं। इसके बाद तय प्रक्रिया के अनुसार बाघों को पलामू टाइगर रिजर्व में लाया जाएगा। वन विभाग का मानना है कि बेहतर आवास और पर्याप्त शिकार उपलब्ध होने पर यहां बाघों की संख्या में धीरे-धीरे वृद्धि होगी।

बाघों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करने के उद्देश्य से पीटीआर के कोर एरिया को पूरी तरह मानव हस्तक्षेप और मवेशियों की आवाजाही से मुक्त किया जा रहा है। सीसीएफ ने बताया कि कोर क्षेत्र से कुल नौ गांवों को शिफ्ट करने की योजना है। इनमें से एक गांव को पहले ही स्थानांतरित किया जा चुका है, जबकि दूसरे गांव के पुनर्वास की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। शेष सात गांवों को भी हटाने की स्वीकृति मिल चुकी है और अगले दो महीने के भीतर सभी परिवारों को वैकल्पिक स्थानों पर बसाने का लक्ष्य रखा गया है। वन विभाग के अधिकारियों के अनुसार जिन गांवों को कोर एरिया से हटाया जाएगा, वहां बड़े पैमाने पर ग्रासलैंड विकसित किए जाएंगे। घास के विस्तृत मैदान बनने से चीतल, सांभर, नीलगाय और अन्य शाकाहारी वन्यजीवों की संख्या बढ़ेगी, जिससे बाघों को प्राकृतिक शिकार आसानी से उपलब्ध होगा। यही कारण है कि विभाग कोर क्षेत्र के पारिस्थितिक तंत्र को वैज्ञानिक तरीके से विकसित करने की योजना पर काम कर रहा है।

अंतरराष्ट्रीय बाघ दिवस आज

- पीटीआर के कोर एरिया को मानव हस्तक्षेप और मवेशियों की आवाजाही से मुक्त किया जा रहा
- कोर क्षेत्र से नौ गांवों को शिफ्ट करने की योजना, एक पहले ही स्थानांतरित

अलग-अलग समय में सात बाघों की दिखी मौजूदगी

वन विभाग के अनुसार हाल के समय में अलग-अलग अवधि में सात बाघों की मौजूदगी दर्ज की गई है। वहीं एक बाघ पिछले करीब डेढ़ वर्ष से लगातार पीटीआर क्षेत्र में देखा जा रहा है। इनकी गतिविधियों पर निगरानी रखने के लिए जंगल में कैमरा ट्रैप लगाए गए हैं, जिनकी मदद से बाघों की आवाजाही, व्यवहार और क्षेत्र का लगातार अध्ययन किया जा रहा है।

ग्रासलैंड का क्षेत्र 6% तक करने का लक्ष्य

सीसीएफ ने कहा, पिछले कुछ वर्षों में पीटीआर में ग्रासलैंड का दायरा 1% से बढ़ाकर 2% किया गया है। अब इसे बढ़ाकर छह प्रतिशत करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। इससे पूरे वन क्षेत्र की जैव विविधता मजबूत होगी और बाघों सहित अन्य वन्यजीवों के लिए बेहतर आवास तैयार होगा। वन्यजीव विशेषज्ञों का कहना है कि कोर एरिया में मानव गतिविधियां और मवेशियों की आवाजाही बाघों के लिए अनुकूल परिस्थितियां नहीं बनने देती हैं। ऐसे में गांवों के पुनर्स्थापन और ग्रासलैंड विकसित करने से न केवल बाघों के लिए सुरक्षित वातावरण तैयार होगा, बल्कि पलामू टाइगर रिजर्व में बाघों की स्थायी आबादी बसाने की योजना को भी मजबूती मिलेगी।

शहर 30s



सुरेंद्रनाथ स्कूल में मंगलवार को प्रकृति पर आधारित पोस्टर दिखाते बच्चे।

सुरेंद्रनाथ में प्रकृति संरक्षण दिवस मना

रांची। सुरेंद्रनाथ सेंटेनरी स्कूल के इको और साइंस क्लब ने विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया। कार्यक्रम की शुरुआत प्रकृति संरक्षण शपथ के साथ हुई, जिसमें विद्यार्थियों और शिक्षकों ने मिलकर पर्यावरण की रक्षा करने और प्राकृतिक संसाधन को बचाने का संकल्प लिया। इस दौरान कक्षा तीन से पांचवीं तक के बच्चों ने एक दिलचस्प स्पीच, एक सोचने पर मजबूर करने वाला नुक्कड़ नाटक पेश किया। स्कूल की प्राचार्या समिता सिन्हा ने इस बात पर जोर दिया कि प्रकृति को बचाने की हर छोटी कोशिश एक ज्यादा और हेल्दी भविष्य में मदद करती है।

जेवीएम की छात्र परिषद ने शपथ ग्रहण किया

रांची। जेवीएम श्यामली में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए छात्र परिषद के नव-चयनित पदाधिकारियों का शपथ ग्रहण एवं अलंकरण समारोह मंगलवार को हुआ। 12वीं के सैफुल्लाह खान को हेड ब्वॉय तथा लरिसा पट्टनायक को हेड गर्ल चुना गया। आदित्य प्रताप सिंह एवं जानवी मुंजाल को अतिरिक्त हेड ब्वॉय और अतिरिक्त हेड गर्ल का दायित्व सौंपा गया। प्राचार्य बीएन झा ने सभी को सैश एवं बैज पहनाकर सम्मानित किया तथा उन्हें पद एवं गोपनीयता की शपथ दिलाई।

कांके में मंगलवार को विद्यार्थियों के बीच साइकिल का वितरण करते विधायक।

241 विद्यार्थियों के बीच बांटी गई साइकिल

कांके (रांची)। प्रखंड परिसर में मंगलवार को मुख्यमंत्री कल्याण विभाग की ओर से 241 छात्र-छात्राओं के बीच साइकिल का वितरण किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि कांके विधायक सुरेश कुमार बैठा ने विद्यार्थियों को साइकिल सौंपते हुए शिक्षा के प्रति समर्पित रहने और जीवन में स्पष्ट लक्ष्य निर्धारित कर मेहनत व लगन से उसे हासिल करने की प्रेरणा दी।

होनहार गरीब विद्यार्थियों की शिक्षा पर जोर, छात्रावास-मेस की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क

छात्रों को तकनीकी शिक्षा के लिए सरकार-बीआईटी मेसरा में करार

अच्छी खबर

रांची, विशेष संवाददाता। राज्य सरकार ने एससी-एसटी, अन्य पिछड़ा वर्ग के गरीब, लेकिन मेधावी विद्यार्थियों को गुणवत्तापूर्ण तकनीकी शिक्षा दिलाने के लिए बड़ा कदम उठाया है। एससी-एसटी, ओबीसी व आदिम जनजाति कल्याण विभाग और बीआईटी मेसरा के यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक के बीच मंगलवार को प्रोजेक्ट भवन में एमओयू हुआ। इसके तहत प्रतिवर्ष 850 विद्यार्थियों को शिक्षण, छात्रावास व मेस की सुविधा पूरी तरह निःशुल्क मिलेगी।

समझौते के अनुसार झारखंड सरकार अगले दस वर्षों में इस योजना पर 79.40 करोड़ रुपये खर्च करेगी व संस्थान के 85% आवर्ती व्यय का वहन करेगी। योजना का लाभ अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति व अन्य पिछड़ा वर्ग के उन मेधावी विद्यार्थियों को मिलेगा, जिनके परिवार की वार्षिक आय 2.50 लाख रुपये से कम है। योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रभावी मानी जाएगी।

इस पहल को कल्याण मंत्री चमरा लिंडा के मार्गदर्शन में पूरा किया गया। समारोह में कल्याण विभाग के सचिव केएन झा, संयुक्त सचिव जावेद अनवर इदरीसी, बीआईटी मेसरा के कुलपति प्रो इंद्रनील मन्ना, रजिस्ट्रार डॉ राजेश जैन, डीन एकेडमिक डॉ मनीष कुमार, यूनिवर्सिटी पॉलिटेक्निक की निदेशक डॉ विजया लक्ष्मी सहित संस्थान एवं विभाग के वरिष्ठ अधिकारी उपस्थित थे। एमओयू पर सरकार की ओर से संयुक्त सचिव जावेद अनवर इदरीसी और बीआईटी मेसरा की ओर से निदेशक डॉ विजया लक्ष्मी ने हस्ताक्षर किए।

झारखंड सरकार और बीआईटी मेसरा के बीच मंगलवार को एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए। इसके बाद पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को फाइलों का आदान-प्रदान किया।

850 मेधावी गरीब विद्यार्थियों को प्रत्येक वर्ष उपलब्ध करायी जाएगी शिक्षा

79.40 करोड़ रुपए खर्च करेगी झारखंड सरकार 10 साल में छात्रों के लिए

2.50 लाख रुपए से कम वार्षिक आय वाले परिवार के बच्चों को मिलेगा लाभ

- योजना शैक्षणिक सत्र 2025-26 से प्रभावी मानी जाएगी

छात्रवृत्ति नहीं मिली तो केंद्र को कोयला करेंगे बंद : लिंडा

चेतावनी

- सुनवाई नहीं होने पर अदालत में जाने की बात कही मंत्री ने
- कहा- एसटी और ओबीसी की छात्रवृत्ति में आ रही है परेशानी

रांची, हिन्दुस्तान ब्यूरो। झारखंड के अनुसूचित जनजाति, अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा है कि केंद्र सरकार अगर छात्रवृत्ति नहीं देती है तो झारखंड का एक ढेला कोयला नहीं जाने देंगे। उसे रोक देंगे। पूरे भारत की बिजली झारखंड के कोयले से जलती है।

कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि झारखंड के आदिवासी छात्र संघ और बच्चे तैयार रहें। हक पाना है तो लड़ना होगा। रेल रोक देंगे। चारों तरफ से छात्र सड़क पर उतर आएंगे और चक्का जाम कर देंगे।

उन्होंने कहा कि विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति संवैधानिक हक है। इसमें 75 प्रतिशत केंद्र सरकार और 25 प्रतिशत राज्य सरकार को देना है। केंद्र सरकार अगर छात्रवृत्ति नहीं देना चाहती है तो लिखित रूप से स्पष्ट कर दे।

अपनी ओर से आवश्यक कार्रवाई करेंगे: उन्होंने कहा कि राज्य सरकार अदालत का दरवाजा खटखटाने के साथ-साथ अपनी ओर से आवश्यक कार्रवाई करेगी। उन्होंने कहा कि अनुसूचित जनजाति के विद्यार्थियों की छात्रवृत्ति में झारखंड को विशेष रूप से टारगेट किया जा रहा है। दूसरे राज्यों को छात्रवृत्ति दी जा रही है। लेकिन सूचना मिली है कि हाई लेवल से ही आदेश है कि झारखंड को पैसा उपलब्ध नहीं करना है। इसलिए फाइल भी मूवमेंट नहीं हो रहीं है।

भाजपा सरकार के कारण समस्या खड़ी होने का लगाया आरोप : कल्याण मंत्री चमरा लिंडा ने कहा कि केंद्र सरकार हमारे फेवर में नहीं है। गैर भाजपा सरकार होने की वजह से यह समस्या खड़ी हो रही है। पॉलिटिकल रिवेंज विद्यार्थियों के साथ नहीं होना चाहिए। अनुसूचित जाति की छात्रवृत्ति में समस्या नहीं है, सिर्फ एसटी और ओबीसी छात्रवृत्ति में समस्या हो रही है।

चार राज्यों के कलाकार एक से दिखाएंगे प्रतिभा

रांची। भारत सरकार के संस्कृति मंत्रालय की स्वायत्त संस्था संगीत नाटक अकादमी नई दिल्ली व रांची विश्वविद्यालय की ओर से दो दिनी कला संवाद व युवा कलोत्सव एक और दो अगस्त को होगा। महोत्सव में झारखंड, बिहार, ओडिशा और पश्चिम बंगाल के युवा कलाकार संगीत, गायन, वादन व नाट्य विधाओं में प्रतिभा दिखाएंगे।

कार्यक्रम की शुरुआत एक अगस्त की सुबह 10 बजे आरयू के केंद्रीय पुस्तकालय सभागार में होगा। श्रीमद्भगवद्गीता एवं नाट्यशास्त्र में मानवता का स्वर विषय पर संवाद होगा। साहित्यकार अनिल झा (देवघर) व आरयू के संस्कृत विभाग की पूर्व अध्यक्ष प्रो नीलिमा पाठक विचार साझा करेंगे। शाम 6 बजे आर्यभट्ट सभागार में युवा कलोत्सव का उद्घाटन रांची के सांसद संजय सेठ करेंगे। कार्यक्रम में संगीत नाटक अकादमी की अध्यक्ष, कालिदास सम्मान से सम्मानित प्रसिद्ध भरतनाट्यम नृत्यांगना व नाट्यशास्त्र की विदुषी डॉ संध्या पुरेचा व अकादमी के सचिव राजू दास भी शामिल होंगे। मौके पर संगीत नाटक अकादमी से प्रकाशित कई पुस्तकों का लोकार्पण भी किया जाएगा।

चेहल्लुम जुलूस को लेकर हुई बैठक

रांची। राजधानी में चेहल्लुम के जुलूस को लेकर मंगलवार को डेली मार्केट थाना में बैठक का आयोजन किया गया। वरीय पुलिस अधीक्षक (एएसपी) निखिल राय की अध्यक्षता में हुई इस बैठक में चेहल्लुम के जुलूस के मार्ग पर चर्चा हुई। उपस्थित लोगों ने उन्हें बताया कि जुलूस सुबह नौ बजे विश्वकर्मा मंदिर लेन से निकलती है और डेली मार्केट चौक होते हुए चर्च रोड से कर्बला चौक स्थित कर्बला में समापन होता है।

मार्ग का किया मुआयना : इसके बाद उपस्थित लोगों के साथ वरीय पुलिस अधीक्षक ने मार्ग का मुआयना भी किया। बैठक में पार्षद प्रतिनिधि गुलाम सरवर रिजवी, पार्षद सलाउद्दीन संजू, पार्षद फरहा नाज, जय सिंह यादव, मो इस्लाम, नेहाल हुसैन, हसनैन जैदी, सफर अहमद सड्डू, जीत गुप्ता, अली नवाब समेत अन्य लोग मौजूद थे।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
(E-MAIL ID – midloh632@gmail.com)
e-Procurement Notice
Short Tender Reference No. MID/LOHARDAGA/F2-47/2026-27 Date – 28/07/2026
पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक ...../

1 वेबसाइड में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि/समय :– 07.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
2 ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :– 13.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
3 ऑनलाइन ई–निविदा शुल्क एवं EMD जमा करने की अंतिम तिथि/समय :– 13.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
4 ई–निविदा खोलने की तिथि/समय :– 14.08.2026 अपराह्न 4.30 बजे तक।
5 ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नामएवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6 ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मो0 न0 एवं ई–मेल आई0डी0 :– 9801286765 midloh632@gmail.com
7 कार्य मद :– जिला योजना अनाबद्ध निधि।
कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	प्राक्कलित राषि (रू0 में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति।
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	ग्राम तिगरा में देवी मण्डप से चट्टी टोली तक 720 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	लोहरदगा	तिगरा	तिगरा	1197600.00	02 माह	

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.
PR 386093 Lohardaga(26-27)D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
(E-MAIL ID – midloh632@gmail.com)
e-Procurement Notice
Short Tender Reference No. MID/LOHARDAGA/F2-46/2026-27 Date – 28/07/2026
पत्रांक ...../ लोहरदगा, दिनांक ...../

1 वेबसाइड में ई–निविदा प्रकाशन की तिथि/समय :– 07.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
2 ई–निविदा प्राप्त करने की अंतिम तिथि/समय :– 13.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
3 ऑनलाइन ई–निविदा शुल्क एवं EMD जमा करने की अंतिम तिथि/समय :– 13.08.2026 अपराह्न 2.00 बजे तक।
4 ई–निविदा खोलने की तिथि/समय :– 14.08.2026 अपराह्न 4.30 बजे तक।
5 ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, लघु सिंचाई प्रमण्डल, लोहरदगा।
6 ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का मो0 न0 एवं ई–मेल आई0डी0 :– 9801286765 , midloh632@gmail.com
7 कार्य मद :– जिला योजना अनाबद्ध निधि।
8 कार्य का विस्तृत विवरण :–

क्र0 सं0	कार्य का नाम	प्रखण्ड	पंचायत	ग्राम	प्राक्कलित राशि (रू0में)	कार्य समाप्ति की अवधि	अभियुक्ति।
1.	2.	3.	4.	5.	6.	7.	8.
1.	ग्राम भौंरो में बिनोद महली के घर से होते हुए मसना स्थल तक 1000 फीट पी0सी0सी0 पथ निर्माण।	भण्डरा	भौंरो	भौंरो	1288600.00	02 माह	

Note: - (1) Only e-Tender will be accepted
(2) Published Estimated Cost may be Increase or Decrease.
Further details can be seen on website http://jharkhandtenders.gov.in
Executive Engineer
Minor Irrigation Division, Lohardaga.
PR 386092 (Lohardaga) 26-27 (D)

PSPCL Powering Punjab, Enriching Lives. **पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
(पंजी. कार्यालयः पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल, पटियाला - 147001)
कारपोरेट पहचान संख्याः U40109PB2010SGC033813
वेबसाइटः www.pspcl.in, मोबाइल नं.: 96461-55525
अल्प अवधि ई-निविदा पूछताछ सं.: 7842/P-3/EMP-13402 दिनांकः 22.07.2026
उप मुख्य अभियंता/मुख्यालय (प्रोक्यूरमेंट सेल-3) जीजीएसएसटीपी, रूपनगर द्वारा जीजीएसएसटीपी, रोपड़ में वेट एश हैंडलिंग सिस्टम के लिए 300 एनबी स्पन पाइप्स की खरीद हेतु ई-निविदा आईडी नं. 2026_POWER_172638_1 आमंत्रित की जाती है। विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 27.07.2026 को सायं 05.00 बजे से वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13737 आरटीपी- 75/26

PSPCL Powering Punjab, Enriching Lives. **पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड**
[पंजी. कार्यालयः पीएसईबी हेड ऑफिस, दी मॉल पटियाला]
कारपोरेट पहचान संख्या [सीआईएन]: U40109PB2010SGC033813
वेबसाइटः www.pspcl.in; ई-टेंडरिंग पोर्टलः https://eproc.punjab.gov.in
संपर्क नं.: 96461-19383, 96461-11036
निविदा पूछताछ सं.: QQ-276/PO-C दिनांकः 27.07.2026
मुख्य क्रय अधिकारी/एमएम, केन्द्रीय क्रय संगठन, पीएसपीसीएल, द्वितीय तल मल्टी स्टोरी बिल्डिंग, दी मॉल रोड, पटियाला द्वारा पीएसपीसीएल विशिष्टि क्यूक्यू-276 एवं 30-50 mm² के आकार का एसीएसआर के लिए उपयुक्त हॉट डिप गाल्वेनाइज्ड एमएस स्ट्रैप, नट्स, बोल्ट्स, वाशर्स आदि के साथ कम्प्लीट, पीएसपीसीएल आरे. सं. 151/आर1 हेतु और आईएसः 2121/1991 पार्ट-IV (नवीनतम संशोधनों, अगर कोई हो के साथ) के अनुरूप 1,00,000 नग एल्युमीनियम एलॉय, नन-टेंशन, पैरलल ग्रूव क्लैम्प्स हेतु ई-निविदा आमंत्रित की जाती है।
विस्तृत नि.आ.सू. एवं निविदा विनिर्देशन के लिए कृपया दि. 28.07.2026 से वेबसाइट https://eproc.punjab.gov.in देखें।
नोटः शुद्धिपत्र एवं अनुशेष, अगर कोई होगा तो उसे https://eproc.punjab.gov.in पर ऑनलाइन प्रकाशित किया जाएगा।
RO No. 1079/12/2026/27/13740 सी 749/26

Kalyan Singh Super Specialty Cancer Institute
C.G. City, Sultanpur Road, Lucknow-226002
(An Autonomous Institute of the Govt. of Uttar Pradesh)
Website: https://cancerinstitute.edu.in Email: jdmm.sscih@gmail.com
TENDER NOTICE
On-line offers are invited through Custom bids on GeM portal. The GEM bid Nos. are given herewith:
1- GEM/2026/B/7807803 dated: 27.07.2026 for the item- Slide Cabinet
2- GEM/2026/B/7807764 dated: 27.07.2026 for the item- Cold Plate
3- GEM/2026/B/7808661 dated: 27.07.2026 for the item- Complete Bipolar Resectoscope Set with PCNL and URS (Flexible chip on tip Video Cystonephroscope and Ureteroscope)
4- GEM/2026/B/7810681 dated: 27.07.2026 for the item- 5 Para (7 Para) Monitors wall mounted with one Central Cardiac Station
Offer are invited from Original Equipment Manufacture/Direct Importers/Authorized Distributors (declared by principal firm only) for the supply & installation of aforementioned Equipment. Bidders should submit their Representation only on GeM Portal regarding Equipment within time frame provided by GeM. The vendors are required to submit their offers on GeM portal only in two bids system i.e. Technical and Financial bid as per norms of GeM Portal with terms and conditions as mentioned against bidding documents.
For more detailed information you may please visit the GeM portal www.gem.gov.in or our website https://cancerinstitute.edu.in. for reference only.
The Director reserves the right to accept or reject any tender in part or full without assigning any reason thereof.
Advt. No. KSSSCI/Tender-10/2026-27 Joint Director

वरीय पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, रॉंची
सर्वसाधारण के लिए सूचना

अज्ञात पुरूष का शव, उम्र करीब 25 वर्ष
उपरोक्त अज्ञात पुरूष का शव मुरी ओ0पी0 थाना क्षेत्र अन्तर्गत ग्राम–जोबला रेल फाटक के पास रेल पटरी के बीच से बरामद किया गया है। शव की पहचान अबतक नहीं हो सकी है। जिसके संबंध में मुरी ओ0पी0 यू0डी0 काण्ड सं0–07/2026, दिनांक–01.07.2026 दर्ज किया गया है। इनकी पहचान हेतु जनता का सहयोग अपेक्षित है।
अतः सभी जनसाधारण से अनुरोध है कि यदि आपको इस पुरूष के शव के बारे में जानकारी हो तो वरीय पुलिस अधीक्षक के कार्यालय रॉंची में या संबंधित थाना या निम्नांकित फोन नम्बर पर संपर्क कर इसकी सूचना दें।
पुलिस उपाधीक्षक, सिल्ली, रॉंची। –9431770066
थाना प्रभारी मुरी ओ0पी0, रॉंची। –8877257523
वरीय पुलिस अधीक्षक, रॉंची
PR 386081 (Police)26-27*D

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची
ई–प्रोक्योरमेंट सूचना, नेशनल कम्पेटेटीभ बिडिंग
टेन्डर रेफरेंन्स नं0–प0नि0वि0/रॉंची–11/2026–27 दिनांक :–28.07.2026

1.	कार्य का नाम	अरगोड़ा चौक – कटहल मोड़ पथ (एम.डी. आर–018) के कि0मी0 1+850 से कि0मी0 5+300 (कुल लम्बाई–3.45 कि0मी0) के चौड़ीकरण एवं मजबूतीकरण/पुनर्निर्माण कार्य का अवशेष कार्य वर्ष 2026–27.
2.	अनुमानित प्राक्कलित राशि (रू0 लाख में)	रू0 2139.28 लाख (रूपये इक्कीस करोड़ उनचालिस लाख एवं अठाईस हजार) मात्र।
3.	अग्रधन की राशि (रू0 लाख में)	रू0 21.40 लाख (रूपये इक्कीस लाख चालिस हजार) मात्र।
4.	कार्य पूर्ण करने की अवधि	13 (तेरह) माह
5.	वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि	01.08.2026 10.30 बजे पूर्वाह्न
6.	प्री–बीडमिटिंग की तिथि/समय	10.08.2026 3.00 बजे अपराह्न
7.	निविदा प्राप्ति की अंतिम तिथि/ समय	22.08.2026 12.00 बजे दोपहर तक
8.	निविदा खोलने की तिथि/ समय	24.08.2026 12.30 बजे अपराह्न।
9.	निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता	कार्यपालक अभियंता पथ निर्माण विभाग,पथ प्रमंडल, मोहराबादी, रॉंची–834008.
10.	प्रोक्योरमेंट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या	0651–2361018
11.	ई–प्रोक्योरमेंट सेल का हेल्पलाईन संख्या	0651–2401010

- प्राकलित राशि एवं अग्रधन की राशि घट–बढ़ सकती है, जिसे Tender Online Upload में देखा जा सकता है, एवं किसी भी प्रकार का बदलाव http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।
- नियम एवं शर्तों के लिए वेबसाईट http://jharkhandtenders. gov.in पर देखें।

PR 385995 Road Construction Dept Road Division Ranchi(26-27)#D
कार्यपालक अभियंता
पथ निर्माण विभाग, पथ प्रमंडल, रॉंची

बैंक ऑफ़ बड़ौदा Bank of Baroda
बैंक ऑफ बड़ौदा, अपर बाजार शाखाः
55, बरालाल स्ट्रीट, अपर बाजार, रॉंची – 834001, झारखण्ड
अनुबंध-सी
अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु बिक्री सूचना ''अनुबंध–IV–ए (अधिनियम 8 (6) के प्रावधान देखें)
सिक्युरिटी इंटेरेस्ट (इनफोर्समेंट) नियम 2002 के अंतर्गत 8 (6) की धारा के साथ पठित प्रावधानों के अंतर्गत वित्तीय सम्पत्तियों की प्रतिभूमिकरण और पूर्णगठन एवं सिक्युरिटी इंटेरेस्ट अधिनियम 2002 के तहत अचल सम्पत्तियों की बिक्री हेतु नीलामी बिक्री सूचना. आम लोगों को तथा विशेष रूप से भाग लेने वाले और प्रत्याभूति दाता को यह नोटिस दिया जाता है कि नीचे वर्णित अचल संपत्ति जो सुरक्षित प्रतिभूति के पास गिरवी है उसका कब्जा बैंक ऑफ़ बड़ौदा के अधिकृत अधिकारी, सुरक्षित प्रतिभूति, द्वारा ले लिया गया है, उसे अधोवर्णित खाताओं की वसूली हेतु **''जहाँ है, जैसा है, जो कुछ भी है, जो भी वहाँ है के आधार पर''** बेचा जायेगा। ऋणी / यों / बंधककर्त्ता/ओं / जमानतदार/रों / सुरक्षित सम्पत्ति/यॉं / बकायों / सुरक्षित मूल्य /ई–नीलामी की तारीख और समय, ईएमडी और बोली वृद्धि राशि का विवरण नीचे दिया गया है।

क्र. सं.	उधारकर्ता / ऋणकर्ताओं / गारंटर/ बंधककर्ताओं का नाम और पता	सुरक्षित परिसंपत्तियों / बंधक संपत्ति का विवरण	कुल बकाया / ई–नीलामी की तारीख और समय / प्रारंभ समय से अंत समय	सुरक्षित मूल्य / ईएमडी जमा / बोली वृद्धि राशि	कब्जे की स्थिति (रचनात्मक / भौतिक) / सम्पत्ति निरीक्षण की तारीख और समय
1.	ऋणी: श्रीमती सरिता कुमारी, पत्नी श्री रितेश लाल रंजन फ्लैट संख्या ''1–ए'', ए–ब्लॉक, इंदीरा गार्डेन अपार्टमेंट, चेसायर होम रोड, बरियातु, रॉंची–834009, झारखण्ड. सह–ऋणी: श्री रितेश लाल रंजन, सुपुत्र श्री नन्द लाल प्रसाद फ्लैट संख्या ''1–ए'', ए–ब्लॉक, इंदीरा गार्डेन अपार्टमेंट, चेसायर होम रोड, बरियातु, रॉंची–834009, झारखण्ड. जमानतदार: श्री पवन कुमार सिन्हा फ्लैट संख्या 304 बी, वीर कृष्णा अपार्टमेंट, मंगलम मैरेज हॉल के समीप, चेसायर होम रोड, बरियातु, रॉंची, झारखण्ड – 834009.	आवासीय फ्लैट संख्या 1–ए, ''ए ब्लॉक'' के प्रथम तल्ले पर स्थित फ्लैट जिसका सुपर बिल्ट अप एरिया 1399 वर्गफीट है जो ''इंदीरा गार्डेन'' नामक आवासीय भवन में जमीन के अविभाजित अनुपातीय हिस्सा 615 वर्गफीट एवं भू–तल पर एक कार पार्किंग की जगह के साथ है जिसका आर एस प्लॉट संख्या 856, खाता संख्या 27 है जो गाँव – बरियातु, चेसायर होम रोड, थाना संख्या 193, थाना – सदर, जिला – रॉंची में स्थित है जो श्रीमती सरिता कुमारी के नाम से है। चौहद्दी : उत्तर – फ्लैट 1–बी, दक्षिण – बिल्डिंग का साइड सेट बैक, पूरब – सेट बैक, पश्चिम – लॉबी.	Rs. 37,89,028.86 (रूपये सैंतीस लाख नवासी हजार अठाईस एवं पैसे छियासी मात्र) + अप्रायोजित ब्याज एवं खर्चे दिनांक 30.07.2024 से मांग सूचना के अनुसार एवं अनुबंध के तहत देय राशि Rs. 43,50,712.33 दिनांक 26.07.2026 तक साथ ही उस पर लागत एवं ब्याज सहित	Rs. 55,31,400.00 / Rs. 5,53,140.00 / Rs. 55,000.00	भौतिक कब्जा / 18.08.2026 को सुबह 11:00 बजे से अपराह्न 3:00 बजे तक

विक्रय की सभी शर्तें एवं दशाएं के लिए कृपया हमारे वेबसाईट लिंक https://www.bankofbaroda.in/e-auction एवं https://baanknet.com पर जायें / देखें। साथ ही प्रस्तावित बोलीकर्त्ता प्राधिकृत अधिकारी के मोबाईल सं 8114595925 पर सम्पर्क कर सकते हैं।
दिनांक : 27.07.2026
स्थान : रॉंची
नोट : विवाद की स्थिति में अंग्रेजी पाठ्य मान्य होगा।
ह0/– प्राधिकृत अधिकारी
बैंक ऑफ बड़ौदा

आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड
(आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी)
वैश्विक आमंत्रण (इलेक्ट्रॉनिक बोली के माध्यम से)
टैरिफ के जरिए प्रतियोगिता बोली (टीबीसीबी) प्रक्रिया के माध्यम से 01 (एक) अंतः राज्यीय पारेषण परियोजना के निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और हस्तांतरण (बीओओटी) आधारित पारेषण सेवा प्रदाता के चयन के लिए
आरईसी पावर डेवलपमेंट एंड कंसल्टेंसी लिमिटेड, नई दिल्ली, भारत (आरईसी लिमिटेड के पूर्ण स्वामित्व की सहायक कंपनी – एक महारत्न केंद्रीय सार्वजनिक उपक्रम) नीचे उल्लिखित पारेषण परियोजना की स्थापना हेतु टी.बी.सी.बी. के अंतर्गत निर्माण, स्वामित्व, प्रचालन और स्थानांतरण (बूट) के आधार पर प्रस्ताव हेतु अनुरोध (आरएफपी) एक चरण दो लिफाफे वाली प्रक्रिया के तहत प्रस्ताव आमंत्रित करता है। इच्छुक बोलीदाता कृपया हमारी वेबसाइट्स www.recindia.nic.in तथा www.recpdcl.in पर 29.07.2026 से उपलब्ध "प्रस्ताव हेतु अनुरोध" (आरएफपी) अधिसूचना तथा आरएफपी दस्तावेज़ का अवलोकन करे।
बोलीदाता, आरएफपी दस्तावेज सभी कार्य दिवसों में 10:30 बजे (भा.मा.स) से 16:00 बजे (भा.मा.स) के बीच (29.07.2026 से प्रस्ताव जमा करने की तिथि से एक दिन पहले तक) हमारी वेबसाइट्स www.recindia.nic.in और www.recpdcl.in पर उपलब्ध परियोजना के आरएफपी दस्तावेज में दिए गए विवरण के अनुसार अप्रतिदेय गैर–वापसी योग्य शुल्क (₹5,00,000/– (पांच लाख रुपए केवल) या $7000 (यूएस डालर सात हजार केवल) + 18% जीएसटी) के भुगतान